तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही — राजस्व अपील संख्या 371/2018 नरसिंहराम वगै बनाम महेन्द्रराम वगैराह	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए

22/8/2022 पत्रावली अपीलान्टस के अधिवक्ता के द्वारा आज दिनांक 22.08.2022 को एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व अपील संख्या 371/2018 अनवान नरसिंहराम बनाम महेन्द्र वगैराह की पत्रावली तलब करने पर आज पेश हुई। अपीलान्टस नरसिंहराम एवं श्रीमती सायरी एवं उनके अधिवक्ता उपस्थित तथा रेस्पोडेन्ट महेन्द्रराम एवं राजूराम तथा उनके अधिवक्ता उपस्थित हुए। पक्षकारान के द्वारा एक राजीनामा पत्र भी पेश किया तथा यह निवेदन किया कि हस्तगत अपील उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ के द्वारा राजस्व अपील संख्या 18/2013 में पारित किये गये अपीलाधीन आदेश दिनांक 29.06.2018 के विरूद्ध पेश की। उक्त आदेश के तहत न्यायालय ने नामा0 संख्या 574 मौजा गजसिंहपुरा को खारिज कर तहसीलदार भोपालगढ को रिमाण्ड किया था।

उक्त अपील के लम्बित रहने के दौरान पक्षकारों में लोक अदालत की भावना से राजीनामा कर लिया है, जिसके अनुसार नामा0 संख्या 574 मौजा गजसिंहपुरा को यथावत रखना तय किया गया है अर्थात अपील को स्वीकार किये जाने में प्रत्यार्थीगण को कोई आपत्ति नहीं है। प्रत्यार्थीगण इस प्रकरण को आगे नहीं चलाना चाहते है, यानि विवादग्रस्त भूमि जो नरसिंहराम के नाम से दर्ज है, उसे नरसिंहराम के नाम ही रखना चाहते है। अतः राजीनामा पेश कर निवेदन है कि राजीनामा स्वीकार कर अपील को स्वीकार कर नामा0 संख्या 574 को यथावत रखा जाने का आदेश फरमाया जावें।

हमने प्रकरण पत्रावली, अपीलाधीन आदेश एवं राजीनामा पत्र का अवलोकन किया। उक्त कम में प्रकरण का निस्तारण लोक अदालत की भावना एवं राजीनामा पत्र को मध्येनजर रखते हुए इस प्रकार से किया जाता है कि अपीलान्टस की अपील स्वीकार की जाकर उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ के द्वारा राजस्व अपील संख्या 18/2013 में पारित आदेश दिनांक 29.6.2018 को निरस्त किया जाता है तथा राजीनामा के अनुरूप प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण करने हेतु तहसीलदार भोपालगढ को प्रतिप्रेषित किया जाकर निर्देशित किया जाता है कि वे मूल राजीनामें के अनुरूप पक्षकारान की उपस्थिती में नामान्तरकरण की कार्यवाही करे।

अति0 संभागीय आयुक्त,
जोधपुर

L.T.I नरसिंहराम

L.T.I महेन्द्र

राजूराम

Both are known to me
(Jasaram Adv)